**आयोजन** | डिंडौरी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई गीता जयंती, विशाल जनसमूह ने सामूहिक रूप से किया 'पुरुषोत्तम योग' का पाठ, शहपुरा, अमरपुर, उमरिया एवं चिल्हारी में हुए विविध आयोजन

# गीता मानव जाति के लिए उपयोगी जीवन दर्शन है : संत चैतन्य




**डिंडौरी, नवभारत 1 दिसंबर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर डिंडौरी में सोमवार को जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विशाल जनसमूह ने एक साथ गीता के 15वें अध्याय 'पुरुषोत्तम योग' का पाठ किया। गीता आरती के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर संत आशुतोष चैतन्य ने कहा कि गीता किसी एक धर्म या वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए उपयोगी जीवन-दर्शन है। उन्होंने सरकार द्वारा गीता को पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर घर में गीता का पाठ होना चाहिए, क्योंकि यह व्यक्तित्व में ऊर्जा, संस्कार और आत्मविश्वास भरती है।

### गीता का व्यापक प्रचार आवश्यक : स्वामी पुरी

स्वामी श्री राम शरण पुरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम भी गीता के संदेशों से अत्यधिक प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि गीता का ज्ञान समाज को अध्यात्म, अनुशासन और कर्तव्यबोध से जोड़ता है, इसलिए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है।

### जीवन जीने कि कला सिखाती है 'गीता' : विधायक

सभा को संबोधित करते हुए शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता जीवन की जटिल परिस्थितियों में भी सही दिशा दिखाती है। उन्होंने कहा कि 'गीता का सिद्धांत - कर्म करो, फल की चिंता मत करो - आज भी उतना ही प्रासंगिक है। विधायक ने कहा कि मनुष्य जीवन भर कमाई और दायित्वों में व्यस्त रहता है, इसलिए 50 वर्ष की आयु के बाद व्यक्ति को अपने लिए भी समय निकालना चाहिए।

### गीता सत्य और संतुलन का संदेश देती है : कलेक्टर

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद् भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का विज्ञान है, जो मनुष्य को कर्तव्य, अनुशासन, सत्य और संतुलन का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि गीता का ज्ञान कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखते हुए कर्म करते रहने की प्रेरणा देता है। कलेक्टर ने युवाओं के लिए गीता को मार्गदर्शक दीप बताते हुए कहा कि इससे आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच को बल मिलता है।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. बिहारी लाल द्विवेदी, महंत निरंजनदेव सन्यास आश्रम रामघाट, आचार्य श्रीनिवास, आचार्य वीरेंद्र शास्त्री, प्रो. कल्पना मिश्रा, डॉ. अनीता कौशल, आचार्य देवेंद्रनाथ चतुर्वेदी, ओमप्रकाश शास्त्री, राजेन्द्र पाठक, विधि तिवारी, भागवंती उपाध्याय, मृणालिनी पाठक, पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह, सीईओ दिव्यांशु चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### सांदीपनि विद्यालय नरिया में मनाई गई गीता जयंती

सांदीपनि विद्यालय नरिया में सोमवार को गीता जयंती श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाई गई। समारोह के दौरान शिक्षक शैलेन्द्र तिवारी, ज्योति परस्ते और निधि पवैया ने विद्यार्थियों को प्रेरणा गीत, ईश्वंदना, गुरुवंदना से प्रेरित किया। साथ ही श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय पुरुषोत्तम योग का सस्वर सामूहिक वाचन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में विद्यालय प्राचार्य ने 15वें अध्याय के अर्थ और महत्त्व को सरल भाषा में समझाया। इसके बाद श्रीमद्भगवद्गीता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मानपुर में गीता जयंती महोत्सव आयोजित



चिल्हारी में सोमवार को गीता जयंती महोत्सव सरस्वती विद्यालय मानपुर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, मां वीणा एवं श्री कृष्ण भगवान के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी हरनीत कौर, सीएमओ राजेन्द्र कुशवाहा, हरीश कुमार विश्वकर्मा, नोडल अधिकारी रत्नेश गौतम, प्रमुख वक्ता डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, डॉ. बृजेश द्विवेदी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने गीता के पंद्रहवें अध्याय का सस्वर वाचन किया। संचालन आनंद स्वरुप तिवारी ने किया।

**गीता जीवन जीने का तरीका सिखाती है : पांडे**-नवभारत उमरिया 1 दिसंबर। गीता जयंती नगर पालिका नगर निगम, जिला पंचायत, जनपद पंचायत ग्राम पंचायत, कॉलेज वस्कूलों में बड़े धूमधाम के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा कि भगवद गीता हमें जीवन जीने का सही तरीका सिखाती है। यह हमें कर्म, धर्म, और आत्म-ज्ञान के बारे में बताती है। गीता के अनुसार, हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। दिलीप पांडे ने कहा कि जीवन जीने की दिव्यतम-भव्यतम कल्पना का साकार रूप श्रीमद् भागवत गीता है।

## शहपुरा में गीता का किया गया सामूहिक पाठ



शहपुरा में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के सुअवसर पर गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ हुआ। एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य सकारात्मक ऊर्जा और धर्म, समरसता व मानवता के लिए गीता के संदेशों को अपनाने पर जोर देना था। जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अरुण अग्रवाल ज़िला उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी रहे मुख्य वक्ता ने कहा कि गीता का सामूहिक पाठ मन को शांति और सकारात्मकता प्रदान करता है और यह एक धार्मिक ग्रंथ से बढ़कर जीवन का मार्गदर्शन करने वाला ज्ञान-ग्रंथ है। अंत में गीता आरती का आयोजन किया गया।

## अमरपुर में गीता जयंती पर कार्यक्रम आयोजित




अमरपुर के शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर और डॉ. स्वर्णिम पटेल भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी की मार्गदर्शन में गीता जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को गीता जयंती पर भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार भगवत गीता सार, श्लोकों, उनकी जीवन आदि का वाचन के साथ उपयोग आदि की जानकारी प्रदान की गई हैं। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गीत, भजन एवं सुविचारों को प्रस्तुत कर गीता जयंती मनाया गया।



# कड़कड़ाती ठंड में ग्रामीण बैठा अनशन पर

▸ मामला ग्राम पंचायत चितराव का, राजस्व विभाग के अधिकारियों के रवैए से है नाराज

**चिल्हारी नवभारत 1 दिसंबर।** जिले के मानपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चितराव निवासी रामखेलावन केवट तहसील के राजस्व अधिकारियों के रवैए से नाराज होकर कड़कड़ाती ठंड में अनशन में बैठ गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चितराव की शासकीय जमीन खसरा नंबर 168, 167/1 में बाहरी लोगों द्वारा बल पूर्वक कब्जा कर लिया गया है, जिसकी बार-बार शिकायत प्रशासन से की गई, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया न ही अतिक्रमण हटवाने का प्रयास किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चितराव के खसरा नंबर 415 पर भी उन्हीं अतिक्रमणकारियों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है।

भू स्वामी द्वारा दो बार सीमांकन करवाया गया, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया, न ही कोई कार्यवाही की गई, जिससे नाराज होकर युवक आमरण अनशन पर बैठ गया है। अब देखना है कि मानपुर तहसील के राजस्व अधिकारी कार्यवाही करते हैं या नहीं।

# एड्स के कारण, बचाव के साथ बताए गए उपचार के तरीके




▸ आदर्श महाविद्यालय में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**शहपुरा नवभारत 1 दिसंबर।** रेड रिबन के जिला संगठक डॉ. पीसी उइके एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. स्वीटी यादव के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य, विद्यार्थियों के बीच एड्स महामारी के बारे में जागरूकता बढ़ाना, एचआईवी से संबंधित बीमारियों से मरने वालों को याद करने और एचआईवी एड्स के साथ रहने वाले लोगों के साथ सहानुभूति पूर्ण व्यवहार करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय में एड्स दिवस की थीम 'व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रक्रिया में परिवर्तन करना' को लेकर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा से डॉ. सतेंद्र परस्ते बीएमओ, डॉक्टर प्रभात अवधिया, डॉ. राजीव साहू ने व्याख्यान दिए।

### विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

सभी वक्ताओं ने एड्स के कारण, बचाव व उपचार भी बताएं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय के समस्त रेड रिबन क्लब, बाल संरक्षण क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलिंटियर्स ने महाविद्यालय से लेकर नगर परिषद शहपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा तक रैली निकालकर आमजन को जागरूक करने का पूर्णतह प्रयास किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रभारी डॉ. एलएन साहू, विवेकानंद प्रकोष्ठ की डॉ. नेहा चौहान, डॉ. अनिल झारिया, मीडिया प्रभारी डॉ. परमेश साकेत, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. वीना शिवहरे, राम ठाकुर, डॉ राजू रैदास, भागवत सिंह धुर्वे, पूरन सिंह वरकड़े, डॉ. मधुर मरावी, डॉ. दीपक अग्रवाल, डॉ. टीपी साहू, डॉ. पीके साहू, छात्रा राजेश्वरी धुर्वे, प्रियांशी झारिया, निशा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## विश्व एड्स दिवस पर निकली जागरूकता रैली

▸ जिला अस्पताल में कार्यशाला आयोजित



**डिंडौरी, नवभारत 1 दिसंबर।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार के दिन विश्व एड्स दिवस पर जिला अस्पताल प्रांगण में प्रातः 10:30 बजे जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशीष कुमार केसरवानी, न्यायिक अधिकारी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिंडौरी ने की। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। रैली जिला अस्पताल प्रांगण से प्रारंभ होकर जगदंबा मंदिर मार्ग होते हुए पुनः अस्पताल परिसर में समाप्त हुई।

**एड्स शरीर की प्रतिरोधक क्षमता नष्ट करता है : केसरवानी**-कार्यशाला को संबोधित करते हुए आशीष कुमार केसरवानी ने एचआईवी/एड्स को एक 'छुपा हुआ शत्रु' बताते हुए कहा कि यह संक्रमण शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को धीरे-धीरे नष्ट करता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे ने बताया कि जिले की सभी गर्भवती महिलाएं, टीबी रोगी, यौन रोग से पीड़ित व्यक्ति तथा गंभीर रोगियों की एचआईवी जाँच एवं उपचार सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है तथा जांच से संबंधित सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है।

**लक्षण, रोकथाम व बचाव के उपाय बताए**-जिला एड्स नोडल अधिकारी ने एड्स रोग के लक्षण, रोकथाम तथा बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2006 से अब तक जिले में कुल 498 एचआईवी संक्रमित रोगी पाए गए हैं, जिनका नियमित उपचार एवं निगरानी आईसीटीसी/ एफआईसीटीसी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अजय राज, डीपीएम दिलीप कछवाहा, ओमप्रकाश उरैती आदि उपस्थित रहे।

# सांदीपनि स्कूल में अंग्रेजी की विशेष परीक्षा आयोजित

▸ प्री-बोर्ड से पहले तैयारी को परखा गया



**डिंडौरी,शहपुरा, नवभारत 1 दिसंबर।** सांदीपनि स्कूल (सीएम राइज स्कूल) शहपुरा में आगामी प्री-बोर्ड परीक्षा से पहले अंग्रेजी विषय की विशेष अभ्यास परीक्षा आयोजित की गई। माध्यमिक अंग्रेजी शिक्षिका नसीमा खान के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को बोर्ड परीक्षा के प्रारूप से परिचित कराना और उनकी तैयारी को व्यवहारिक रूप से सुदृढ़ करना था। एमपी बोर्ड द्वारा वर्ष 2026 की मुख्य परीक्षा हेतु पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए प्रैक्टिस पेपर का प्रिंट लेकर सभी विद्यार्थियों से यह अभ्यास परीक्षा दिलाई गई। परीक्षा के दौरान कक्षाओं का माहौल पूरी तरह वास्तविक बोर्ड परीक्षा जैसा रहा, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ा और उत्तर लेखन कौशल में निखार आया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार प्री-बोर्ड परीक्षा 6 से 13 जनवरी 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। उससे पूर्व ली गई यह विशेष परीक्षा छात्रों के लिए तैयारी का एक महत्वपूर्ण चरण साबित होगी।

# 32 केंद्रों में किया जाएगा धान उपार्जन : कलेक्टर

**डिंडौरी, नवभारत 1 दिसंबर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने किसान सुविधा एवं जिले की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए 32 धान उपार्जन के केंद्र बनाये गए है।

जारी पत्र के अनुसार इस वर्ष समर्थन मूल्य धान का 2369/- रूपये प्रति क्विंटल है जो विगत वर्ष की तुलना में 69/- अधिक है इसके साथ ही बनाये गए धान उपार्जन केंद्र में डिंडोरी, मुडकी, शाहपुर, सरहरी, माडियारास, अमरपुर, चांदपुर, निघोरी (भानपुर), सक्का, कोकोमटा, प्रेमपुर, बरगा (बम्हनी), पिपरिया, समनापुर, चाँदरानी, मानिकपुर (समनापुर), कुकर्रामठ, छांटा, हर्रा, बजाग आमाडोंगरी, लालपुर, करंजिया, परसेल, गोरखपुर, शहपुरा (एक ), शहपुरा (दो), बरगाव, मेहदवानी, मानिकपुर (शहपुरा), कठोतिया और राई है।

### 692 किसानों ने स्लॉट बुक कराये

1 दिसंबर 2025 तक 692 किसानों द्वारा उपज विक्रय के लिए स्लॉट बुक कराये गए है। जिले के समस्त किसानों से जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि धान उपार्जन की अवधि 1 दिसंबर से 20 जनवरी 2026 तक है। किसान अपनी सुविधा अनुसार अपने समीपस्थ केंद्र में फसल विक्रय हेतु स्लॉट बुक कराकर अपनी उपज का विक्रय कर शासन की समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्राप्त करें।

# मानपुर में दो दिन से युवक लापता

▸ तलाश में जुटे परिजन और पुलिस, बाइक सरमनिया ग्राम के समीप मिली

**चिल्हारी नवभारत 1 दिसंबर।** जिले के मानपुर नगर से एक 22 वर्षीय युवक बीते दो दिन से लापता है। हर्ष खंडेलवाल उर्फ कान्हा 29 नवंबर की रात्रि लगभग आठ बजे घर से बाइक में विवाह समारोह के लिए निकला था, जिसके बाद घर नहीं लौटा। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई है।



पुलिस को घटना के दूसरे दिन 30 नवम्बर को लापता हर्ष की बाइक ताला मानपुर मार्ग में सरमनिया ग्राम के समीप मिली है, जिसके बाद संदेह की परिस्थितियां और बढ़ गई हैं। साइबर सेल में मोबाइल की आखिरी लोकेशन ब्लॉक ऑफिस के समीप का टावर मिल रहा है। बाइक वाली जगह पर पुलिस डॉग स्कॉड और फॉरेंसिक टीम की मदद से जांच कर रही है, लेकिन अभी तक नतीजा सिफर है।


### पुलिस अधीक्षक ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

जिले के पुलिस कप्तान विजय भगवानी ने आज सोमवार को लापता हर्ष के घर पहुंचे और माता-पिता से मुलाकात की है। इसी बीच अनूपपुर जिले से डॉग स्क्वॉड की टीम भी बाइक वाली जगह पहुंची है। इसके अलावा मौके पर फॉरेंसिक टीम भी लपता युवक की तलाश में जुटी है। समाचार लिखे जाने तक लापता युवक का कोई सुराग नहीं लगा।

# बोधघुण्डी पंचायत के शासकीय खजाने में हो रही सेंधमारी

▸ सप्लायर सचिव पुत्र को किया गया आकस्मिक बिलों पर लाखों का भुगतान

**अमरपुर नवभारत 1 दिसंबर।** ग्राम पंचायत के शासकीय खजाने पर डांका डालने वालों की करतूत का खुलासा कभी नहीं होता, अगर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं निकाली गई होती है। यहां ग्राम पंचायत बोधघुण्डी को भ्रष्टाचार का गढ़ पंचायत की ही पूर्व प्रधान जयमति कुशराम ने पति सुखदेव कुशराम व सचिव अमर सिंह कुशराम के संग मिलकर बना रखा था।




पंचायत में होने वाले कार्यों में सरपंच पति का हस्तक्षेप सदैव रहा है, वहीं आय व्यय का ब्यौरा ग्राम पंचायत के अन्य पंचायत प्रतिनिधियों को देना जरूरी नहीं समझा गया। लगातार पंचायत में बढ़ते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने पंचायत के समस्त पंच एक राय हो अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए और अविश्वास प्रस्ताव पारित कर महिला सरपंच जयमति कुशराम को पद से पृथक करते हुए भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा दिया।

### तीन वर्ष के कार्यकाल में पंचायत को किया कंगाल

पंचायत की पूर्व सरपंच जयमति कुशराम एवं तत्कालीन सचिव अमर सिंह कुशराम ने सन 2022 से अविश्वास प्रस्ताव पारित 2025 तक जमकर भ्रष्टाचार किया। जनपद तथा जिले के जिम्मेदारों को भ्रष्टाचार की भनक नहीं लगे इसके लिए आकस्मिक बिलों का सहारा लिया गया है। मामले पर पूर्व सरपंच पति सुखदेव कुशराम से जानकारी के संबंध में फोन पर बात की गई तो सरपंच पति आगबबूला होकर कहने लगे कि और कितने दिन खबर लगाएंगे और अच्छी खबर लगाओ। इसके बाद पूर्व सरपंच पति सुखदेव कुशराम फोन काट दिया।

### भंडार क्रय नियम का किया उल्लंघन

जानकारों की माने तो आकस्मिक बिलों पर होने वाले भुगतान की राशि 25000 रुपये से कम निर्धारित की गई है, अगर 25000 रुपये से अधिक की राशि का पंचायत द्वारा भुगतान किया जाता है तो उस पर जीएसटी बिल अनिवार्य रूप से लगाया जाता है। संबंधित पंचायत द्वारा इस प्रकार से आकस्मिक बिलों पर बड़े भुगतान किए गए हैं तो वह निश्चित ही जांच के दायरे में आते हैं। ऐसे बिलों पर जांच होना भी आवश्यक है।